हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 26 जून 2025

11 सुरेंद्र बंटी 10वीं बार चुने गए श्री आदर्श रामलीला कमेटी के...



12 भाजपा ने मनाया लोकतंत्र का काला दिवस, लोकतंत्र ...



# डेढ़ माह पूर्व संपन्न हुए गुढ़ा पैक्स के चुनाव पर लटकी रद होने की तलवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

- उप रजिस्ट्रार भिवानी ने रसूलपुर के व्यक्ति की ओर से दाखिल की गई चुनाव याचिका पर की सुनवाई
- पत्र जारी कर पदाधिकारियों के चुनाव पर आगामी आदेशों तक लगाई रोक
- चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताएं बरतने का आरोप

बीती आठ मई को संपन्न हुए प्राथमिक एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसायटी पैक्स गुढ़ा के चुनाव में अनियमितताएं बरते जाने को लेकर चुनाव परिणाम रद्द होने का संशय बढ़ गया है। इस बारे में न्यायालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां भिवानी की ओर से रसूलपुर वासी कृष्ण कुमार की चुनाव याचिका पर सुनवाई करते हुए पत्र जारी किया है।


जारी किए गए पत्र क्रमांक 1744.1747 के माध्यम से निर्वाचन अधिकारी कम सहायक रजिस्ट्रार सहायक समितियां महेंद्रगढ़, प्रबंधक गुढ़ा पैक्स व सुमन वासी रसूलपुर को सूचना भेज दी गई है। याचिकाकर्ता कृष्ण कुमार ने अपनी दलील में कहा कि गुढ़ा पैक्स का चुनाव आठ मई को हुआ था। जिसमें उसे एससी कोटे से निर्विरोध चुना जाना था, लेकिन चुनाव अधिकारी ने अनियमितताएं बरतते हुए उसकी नियुक्ति रद्द कर दी तथा दूसरे प्रत्याशी का चयन कर दिया।

इसके बाद पदाधिकारियों के चुनाव की तिथि 20 जून 2025 तय कर दी गई। उन्होंने कहा कि चुनाव याचिका लंबित रहने पर चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की थी। जिस पर उप रजिस्ट्रार बंसीलाल ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पदाधिकारियों के चुनाव पर आगामी आदेशों तक रोक लगा दी है।

इस फैसले के बाद मतदाताओं में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। पूरी प्रोसिडिंग का अवलोकन करने के बाद चुनाव रद होने के बादल मंडरा रहे हैं।

### 14 गांवों से चुने गए थे 10 निदेशक

बता दें कि गुढ़ा पैक्स के चुनाव में 14 गांवों गुढ़ा, केमला, चेलावास, उन्हाणी, नांगल, मोहनपुर, रसूलपुर, पाथेड़ा, अगिहार, बूचावास, झगड़ोली, आनावास, सीगड़ा व सीगड़ी के करीब 5500 वोटों के मुकाबले चार सेल प्वाइंट पर पोलिंग बूथ बनाए गए थे। जिनमें गुढ़ा, झगड़ोली, पाथेड़ा व रसूलपुर शामिल थे। चुनाव के लिए 27 व्यक्तियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। जिसमें से 10 ने अपने आवेदन वापस ले लिए थे। शेष बचे 17 उम्मीदवारों में से रिजर्व कैटेगरी की दो महिलाओं सुमन रसूलपुर व सुषमा चेलावास को निर्वाचित घोषित किया गया था। गुढ़ा पैक्स में कार्यरत प्रबंधक राजसिंह ने बताया कि चुनाव मैदान में डटे 17 प्रत्याशियों में से कुल 10 निदेशक एक नॉन एग्रीकल्चर तथा सात एग्रीकल्चर कैटेगरी के प्रत्याशियों का चुनाव किया गया था।


पृ.क्रमांक 1744-1747 दिनांक 19-06-2025

कनीना। उप रजिस्ट्रार भिवानी की ओर से चुनाव पर आगामी आदेशों तक रोक लगाने संबंधित जारी किया गया पत्र।

### चुनाव के समय मतदाताओं को डिफॉल्टर घोषित करने पर भी बढ़ा था गतिरोध

प्राथमिक एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसायटी के चुनाव में मतदान केंद्र पर पहुंचने वाले साफ सुथरे खाताधारक मतदाताओं को बैंक कर्मियों ने डिफाल्टर घोषित किया हुआ दिखाया गया था, जबकि वे इस श्रेणी में शामिल नहीं थे। बैंक कर्मियों की लापरवाही तथा मनमर्जी का नतीजा था। पैक्स कर्मचारियों की ओर से ऐसे मतदाताओं को डिफाल्टर श्रेणी में डालकर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का नायाब प्रयास किया गया। जिसे लेकर पैक्स बैंक कर्मचारियों से काफी जद्दोजहद भी हुई थी। कहासुनी के बाद पैक्स कर्मचारियों ने रिकॉर्ड देखकर उनके नो ड्यूज प्रमाण पत्र भी जारी कर दिए थे। इस पूरी प्रक्रिया ने पैक्स प्रबंधक व अन्य कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए थे। ऐसे मतदाताओं ने उच्च अधिकारियों व सहकारिता मंत्री को भी शिकायत की थी।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने भगौड़ा को काबू कर कोर्ट में किया पेश

**कनीना।** मारपीट के मामले में कोर्ट में पेशी से गैर हाजिर चल रहे एक पीओ को सिटी थाना पुलिस ने काबू करने में सफलता हासिल की है। इस बारे में शहर थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि नांगल हरनाथ वासी सुधीर मारपीट के मामले में शामिल था, जो पिछले समय से कोर्ट में पेशी से गैरहाजिर चल रहा था। अदालत के आदेश पर आरोपित के खिलाफ पीओ घोषित होने का केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपित को काबू कर एसडीजेएम कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### हरसमय पोर्टल ने बढ़ाई परेशानी

**कनीना।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार एक तरफ ऑनलाइन कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। वहीं हरियाणा पुलिस का हरसमय पोर्टल पिछले समय से आधा अधूरा ओपन होने से परेशानी का सबब बना हुआ है। सिटीजन पोर्टल पर एफआईआर सर्च ऑप्शन में विव नहीं खुलने पर आमजन परेशान है। पूरे हरियाणा के सभी जिलों व स्टेट क्राइम ब्रांच, नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो, एंटी करप्शन के केस प्रारूप नहीं खुल पा रहे हैं। पिछले करीब 24 घंटे से समस्या बनी हुई है।

### पूर्व वित्तमंत्री की मां के निधन पर जताया शोक

**नारनौल।** प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने भाजपा नेता एवं हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कप्तान अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने परमेश्वरी देवी को महान विदुषी महिला बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज की भलाई में लगाया। वह गुणों की खान थी। वह दया, ममता, करुणा, प्रेम की साक्षात देवी थी। उनको हमेशा एक प्रेरक इंसान के रूप में याद किया जाएगा।

### मार्ग की लंबे समय से खस्ता हालात, सड़क पर बन चुके दो फीट गहरे गड्ढे

# धोली से नांगल माला मार्ग का लगा टेंडर, 2.33 करोड़ रुपये होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव धोली से नांगल माला की ओर जाने वाले जर्जर मार्ग का टेंडर लग गया है। करीब पांच किलोमीटर की सड़क के निर्माण में करीब 2.33 करोड़ रुपये की लागत आएंगी। सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद महेंद्रगढ़ क्षेत्र के अलावा सतनाली क्षेत्र के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। वहीं सतनाली कस्बे से जुड़े गांवों की हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली से भी सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। इस रोड स्टेट हाईवे 148-बी से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। वर्तमान में यह मार्ग काफी सालों से खस्ता हालात में हैं।

बता दें कि सतनाली क्षेत्र के अनेक गांव के लोगों से इस मार्ग से आवागमन करते है। वहीं इस मार्ग की लंबे समय से हालत खस्ता थी। सड़क में करीब दो फीट गहरे गड्ढे बन चुके थे। जिस कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। वहीं सड़क में गहरे गड्ढे होने के कारण लोगों को हादसे का शिकार हो रहे थे। आसपास के ग्रामीण की ओर से लंबे समय से सड़क का निर्माण करने की मांग की जा रही थी। वहीं सड़क से उड़ती धूल के कारण



आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं लोग बीमारी का शिकार हो रहे थे। सड़क का निर्माण होने के बाद आसपास के ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।

#### बढ़ेगी कनेक्टिविटी

इस मार्ग पर सड़क का निर्माण होने पर स्टेट



हाईवे 148-बी पर कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इस मार्ग पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सतनाली जाने के लिए आवागमन करते है। इस मार्ग पर धोली, झाखड़ी, खुडाना व मांडोला की सीमा भी लगती हैं। इन गांव के लोग इस मार्ग का उपयोग करते है। अगर सब कुछ ठीक रहा था, तो अनेक गांवों को इस मार्ग का फायदा मिलेगा।

#### विधायक ने पीडब्ल्यूडी मंत्री से की थी मुलाकात

विधायक कंवर सिंह ने बताया कि वह लंबे समय से इस रोड को लेकर उच्च अधिकारियों के संपर्क में थे। इस बारे में उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी व पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा से भी मुलाकात की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि बहुत जल्दी इस रोड को बना दिया जाएगा। बुधवार को इस रोड के टेंडर लग गए है और अब बहुत जल्दी इस रोड पर काम शुरू हो जाएगा। विधायक ने बताया कि इस रोड के बनने से दोनों गांव व सतनाली कस्बे से जुड़े गांवों की केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली से भी सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। ये रोड स्टेट हाईवे 148-बी से भी सीधा जुड़ जाएगा। इस से बहुत से लोगों को बहुत अधिक फायदा होगा। हरियाणा में नायब सैनी सरकार की ओर से जिला महेंद्रगढ़ की सड़कों की हालात जल्दी ही सही होगी। सड़कों के मामले में हमारी सरकार ने बहुत सराहनीय कार्य किया है। जिससे लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नही आने दी है। सड़क बनने पर ग्रामीण अपना काम समय पर कर पाएंगे।



नारनौल। अवैध निर्माण हटाती जेसीबी मशीन। फोटो: हरिभूमि

## 5 एकड़ में विकसित की जा रही कॉलोनी पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला नगर योजनाकार टीम ने नियंत्रित व शहरी क्षेत्र में लगभग पांच एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान लगभग पांच एकड़ भूमि में 15 डीपीसी व चार चारदीवारी के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई जिला नगर योजनाकार व ड्यूटी मजिस्ट्रेट गुंजन वर्मा की अगुवाई में कनिष्ठ अभियंता धर्मपाल, क्षेत्रान्वेषक रवि कुमार, योगेन्द्र कुमार, विकास, नरेश कुमार के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।

जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा ने लोगों से कहा है कि नियनन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करे तथा महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें। अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसीलिए आमजन से बार-बार यहीं अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लाट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



मंडी अटेली। सीआईए पुलिस की टीम गिरफ्त में दोनों तस्कर।

### सीआईए ने दो तस्करों को 858 ग्राम चिट्टे के साथ किया गिरफ्तार

**मंडी अटेली।** नारनौल सीआईए पुलिस ने मुखबरी के आधार पर छापेमारी कर चंदपुरा बॉर्डर पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को 858 ग्राम चिट्टे व एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पंकज व ललित के रूप में हुई है, जो नारनौल के रहने वाले है तथा दिल्ली से नारनौल के लिए तस्करी करते थे। कॉस्टेबल रोहित कुमार की मुखबिरी पर एएसआई भारत, कॉस्टेबल परमिंद्र, दीपक, अमन आदि की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशानिर्देश पर सीआईए टीम जिलेभर में लगातार सघन अभियान चलाया हुआ है। जिसमे पुलिस की इस तरह की कार्रवाई से क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है।

## चिकित्सा महाविद्यालय का नाम महर्षि च्यवन के नाम पर ही रहे, मिलने लगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- मनीष वशिष्ठ की मुहिम दिखाने लगी रंग, संस्थाओं के मिले समर्थन पत्र

कोरियावास गांव स्थित चिकित्सा महाविद्यालय का नाम महर्षि च्यवन के नाम पर ही रहे, इसके लिए चलाई गई मुहिम अब रंग लाने लगी है। इतिहास एवं संस्कृति संरक्षण संघ की ओर से चलाई गई इस मुहिम को सामाजिक संस्थाओं का सहयोग व समर्थन मिलने लगा है।

गौरतलब है कि गत 16 जून को इतिहास एवं संस्कृति संरक्षण संघ के अध्यक्ष एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान मनीष वशिष्ठ एडवोकेट ने पत्रकारवार्ता करके कहा था कि जब कोरियावास गांव स्थित चिकित्सा महाविद्यालय का नाम महर्षि च्यवन के नाम पर अधिसूचित किया जा चुका है, तो उसके नाम परिवर्तन की मांग ना केवल अनुचित है, अपितु निरर्थक भी है। उन्होंने कहा था कि महर्षि च्यवन चिकित्सा से संबंध रखने वाले थे। जिन्होंने विश्व को च्यवनप्राश जैसा रसायन दिया। वशिष्ठ ने कहा कि महर्षि च्यवन के नाम से यह क्षेत्र पूरे विश्व में जाना जाता है। प्रदेश की सरकार ने चिकित्सा महाविद्यालय का नाम महर्षि च्यवन के नाम पर रखकर उनके साथ इस क्षेत्र को भी सम्मान दिया है।

इतिहास एवं संस्कृति संरक्षण संघ के अध्यक्ष मनीष वशिष्ठ ने बताया कि कोरियावास स्थित चिकित्सा महाविद्यालय का नाम महर्षि च्यवन के नाम पर ही रहे, इसके लिए उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि समर्थन की कड़ी में सैनी समाज की जिले की अग्रणी संस्था सैनी सभा, वैश्य समाज की अखिल भारतीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन नई दिल्ली, जिले की वैश्य समाज की अग्रणी संस्था श्री अग्रवाल सभा, ब्राह्मण समाज की जिले की प्राचीन संस्था श्री गौड़ ब्राह्मण सभा, श्री सनातन धर्म सभा, जिसके तहत श्री सनातन धर्म एजुकेशन बोर्ड, श्री आदर्श सनातन धर्म ड्रामेटिक क्लब, श्री महावीर सेवा दल व श्री सनातन धर्म पुस्तकालय व वाचलनाल चलते हैं व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच का समर्थन पत्र प्राप्त हो चुका है। वशिष्ठ ने बताया कि उक्त संस्थाओं ने कोरियावास स्थित चिकित्सा महाविद्यालय का नाम महर्षि च्यवन के नाम पर रखने के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है तथा इसे किसी भी सूरत में न बदलने की मांग सरकार से की है। सामाजिक तानेबाने को बनाए रखने के लिए मनीष वशिष्ठ ने इतिहास एवं संस्कृति संरक्षण मंच की तरफ से सभी संस्थाओं का धन्यवाद किया तथा उन्होंने कहा कि अभी जिलेभर से अन्य संस्थाओं के समर्थन के लिए सहयोग की अपील करेंगे।





नारनौल। प्रधान बिशन सैनी व अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग से समर्थन पत्र प्राप्त करते मनीष वशिष्ठ। फोटो: हरिभूमि

**निर्देश** स्वच्छ जिला हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी: डॉ. विवेक भारती

# डीसी की सख्त चेतावनी...नदी, नालों व नालियों में कूड़ा डालने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जिले के नागरिकों से कहा है कि वे नदियों, नालों व नालियों में किसी भी प्रकार का कूड़ा कचरा या पॉलीथिन न डालें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस लापरवाही से शहरी क्षेत्रों में जल भराव, गंदगी और बीमारियों जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जिसका सीधा असर जनजीवन पर पड़ता है।

उपायुक्त डॉ. भारती ने बताया कि शहर के छलक नाले में अभी भी कुछ लोग कूड़ा कचरा फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी फैल रही है और जलभराव की स्थिति बन रही है। इसी तरह जिले के अन्य शहरों में भी नागरिक अक्सर नालियों में पॉलीथिन डाल देते हैं। इससे जल निकासी अवरुद्ध होती है। डीसी ने सख्त चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि कोई नागरिक नदी नाले या नालियों में कूड़ा कचरा डालते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया जाएगा।



नारनौल। नागरिकों की ओर से नाले में डाला गया कूड़ा। फोटो: हरिभूमि

***प्रशासन इसे नहीं करेगा बर्दाश्त:*** उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर अपराध है और जिला प्रशासन इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छ जिला महेंद्रगढ़ हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। केवल सरकार या सफाई कर्मचारियों के प्रयासों से ही स्वच्छता संभव नहीं है। इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने में सहयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और दुकानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित कूड़ेदान में ही डालें और सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके रखें। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की नींव है। शहरों में जब भी कूड़ा गाड़ी उनके मोहल्ले में आए तभी कूड़ा डाला जाए। सड़कों पर कूड़ा ना डालें। उन्होंने रेहड़ी लगाने वालों को भी चेतावनी दी है कि अगर वे गंदगी फैलाएंगे तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। रेहड़ी पटरी वाले अपने पास अलग से कूड़ा दान रखें।

## खाते के खिलाफ विभिन्न राज्यों में 33 करोड़ रुपये की 113 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- साइबर ठगी मामले में आरोपित गिरफ्तार, साइबर ठगी की वारदातों में प्रयोग हो रहा था खाता

साइबर जालसाजों पर लगातार प्रहार करते हुए साइबर थाना की टीम ने साइबर ठगी की वारदातों में प्रयोग हो रहे खाता के धारक को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना की पुलिस टीम ने पटीकरा के रहने वाले प्रीतम को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित ने अपना खाता साइबर जालसाजों को दिया हुआ था। आरोपित के खाते में साइबर ठगी की करीब छह करोड़ 90 लाख रुपये की राशि का ट्रांजेक्शन हुआ था। आरोपित के खाते के खिलाफ विभिन्न राज्यों में करीब 33 करोड़ रुपये की 113 शिकायतें थी। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस की ओर से आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

साइबर थाना की पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि शहर में एक फर्म के नाम से कैनरा बैंक में खुलवाए गए खाते में साइबर फ्रॉड की काफी धनराशि का लेनदेन हुआ है। जिस पर टीम ने मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के अधीन कार्यरत भारतीय साइबर क्राइम समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल पर बैंक खाता बारे डिटेल सर्च की तो बैंक खाता के खिलाफ विभिन्न राज्यो में कुल 113 शिकायतें पाई गई। टीम की ओर से बैंक खाता की स्टेटमैंट व अन्य रिकॉर्ड कैनरा बैंक नारनौल से लिया गया। रिकॉर्ड के अनुसार खाता फर्म गुलशन फोटो स्टूडियो रेलवे स्टेशन पटीकरा के प्रोपराइटर प्रीतम वासी पटीकरा के नाम से पाया गया। कैनरा बैंक से पूछताछ पर खाता में खाता में कुल 69083645 रुपये ऑनलाइन जमा होने व 68869976 रुपये ऑनलाइन ही ट्रांसफर होने पाए गए। पुलिस ने प्रीतम वासी पटीकरा से पूछताछ तो उसने यह खाता साइबर ठगों को देने बारे बताया। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो: हरिभूमि

haribhoomi.com

# सेहत

हरिभूमि 10

रोहतक, गुरुवार

26 जून 2025





डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब लूज मोशन के साथ पेट में हो दर्द-ऐंठन



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। तमाम तरह की सावधानी और संयमित खान-पान के बावजूद हर 10-15 दिन के अंतराल पर मुझे लूज मोशन और पेट दर्द होता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सोनेलाल, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका खान-पान बैलेंस रहता है लेकिन कई बार सामान्य तौर पर लोग बाहर की कोई चीज खा लेते हैं या पानी पी लेते हैं, जो पेट में इंफेक्शन पैदा कर देता है, जिस वजह से ऐसी समस्या आ जाती है। आप इस बात पर भी ध्यान दें कि बाहर की कोई भी चीज खाने से परहेज करें। घर की बनी डिशेज ही खाएं। बाहर का पानी भी ना पिएं। इस तरह के बदलाव से आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। मेरे पैर की अंगुलियों के बीच अकसर फफोले पड़ जाते हैं। बरसात के मौसम में ऐसा अधिक होता है। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-गौतम, रायपुर**

आपकी परेशानी सुनकर ऐसा लग रहा है कि बारिश के मौसम में जब उमस बढ़ती है, तब इंफेक्शन होता है और फफोले पड़ जाते हैं। इसके लिए कोशिश करें कि जब बाहर से वापस घर लौटें तो पैरों को डेटॉल से अच्छी तरह साफ करें और सुखा लें। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान दें कि पैरों की अंगुलियों में पसीना बना ना रहे। जब भी पसीना आए उसे पोंछते रहें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी गर्दन पर दाद निकल आए हैं। कई तरह के क्रीम और लोशन ट्राई करने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रहा। प्लीज बताएं कि ये दाद कैसे ठीक होगा?**

**-राजेश, बिलासपुर**

दाद ऐसी जगह होता है, जहां पसीना आता है और सूख नहीं पाता। इस मौसम में गले में कई बार पसीना आता है और सूख नहीं पाता, जिससे संक्रमण हो जाता है और खुजली शुरू हो जाती है। इसके लिए बेहतर होगा कि आप पसीने को लगातार पोछते रहें और दिन में एक बार डेटॉल से जरूर धुलें। ज्यादा दिक्कत होने पर डॉक्टर से संपर्क करने के बाद ही कोई क्रीम या पावडर का इस्तेमाल करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर ही फफोले निकल आते हैं, जिससे खाने-पीने में काफी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?**

**-सौरभ, मटियारी**

जीभ में फफोले की समस्या कई बार पेट से जुड़ी होती है। पेट ठीक से साफ नहीं होता तो इस तरह के फफोले पड़ जाते हैं। लेकिन अगर आपका पेट रेग्युलर साफ हो रहा है, इसके बावजूद भी फफोले पड़ रहे हैं तो आपको जरूर एक बार ईएनटी के डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। वे चेक कर लेंगे, जिससे कारण पता चल जाएगा फिर उपचार किया जाएगा।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरा वजन अचानक से कम होना शुरू हो गया है। जबकि मेरी डाइट और डेली रूटीन पहले की तरह ही है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजेंद्र, बलौदा बाजार**

आपको सबसे पहले जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। कई बार शुगर होने पर भी वजन कम होना शुरू जाता है तो कई बार थायरॉइड की समस्या इसका कारण बनता है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। आप डॉक्टर से संपर्क करके एक बार जांच करवा लें। इसके बाद ही कारण का पता चलेगा और उपचार किया जा सकेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

मेंटल हेल्थ

डॉ. राखी आनंद

सीनियर क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट

इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली

स्पेशलः पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसआर्डर डे, 27 जून

पीटीएसडी एक गंभीर मानसिक स्थिति है। यह मनःस्थिति ऐसे लोगों में मिलती है, जो जीवन में किसी भयावह, दर्दनाक या दुखद घटना का शिकार हुए हों या उसके चश्मदीद गवाह बने हों। ऐसे में व्यक्ति अपना सामान्य ढंग से जीवन नहीं जी पाता है। यहां हम आपको बता रहे हैं, इसके कारण, लक्षण और उपचार के बारे में।

## पीटीएसडी समुचित उपचार के साथ अपनों का सपोर्ट भी है जरूरी



हाल ही में अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया विमान क्रैश की दुर्घटना ने देश-विदेश के लोगों को सकते में डाल दिया। जिसमें मरने वालों के परिवार न केवल शोकाकुल अवस्था का सामना कर रहे हैं बल्कि उस हादसे के चश्मदीद गवाहों के दिलो-दिमाग पर भी इसका गहरा असर पड़ा है। क्रैश के भयावह दृश्य बार-बार उनके सामने आ जाते हैं, जिसकी वजह से वो गंभीर मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। डॉक्टरों की माने तो इससे उबरने में उन्हें काफी समय लग सकता है। वैज्ञानिक भाषा में इस स्थिति को पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसआर्डर (पीटीएसडी) कहा जाता है।

### क्या है पीटीएसडी

पीटीएसडी के पेशेंट में दर्दनाक घटनाओं की यादें फ्लैशबैक की तरह उसके मन में बार-बार घूमती रहती हैं, डराती हैं और असहाय बना देती हैं। पीड़ित व्यक्ति दुखद घटनाओं के सदमे से बाहर नहीं निकल पाता है। इनमें से कई मरीज परिवार की सपोर्ट, समुचित देखभाल से कुछ समय बाद ठीक हो जाते हैं और सामान्य जिंदगी गुजारने लगते हैं। लेकिन कुछ मरीजों के दिलो-दिमाग में दुखद घटनाओं का फ्लैशबैक इतना ज्यादा होता रहता है कि उनका सदमे से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

### प्रमुख लक्षण

पीटीएसडी के लक्षण कभी-कभी एकाएक, कभी धीरे-धीरे दिखते हैं या कम-ज्यादा होते रहते हैं। इनमें शामिल हैं-

- छोटी-छोटी बातों को लेकर हमेशा परेशान रहना, अनचाहे ही दिमाग में दुखद घटना की पुरानी बातें याद आना, बहुत ज्यादा घबराहट और डर महसूस करना, किसी भी काम को ठीक से न कर पाना, भूख-प्यास और नींद की कमी आना, बुरे सपने आना, नींद में भी घबरा कर उठ जाना, पसीने से तर-बतर होना, दिल की धड़कन तेज होना, ब्लड प्रेशर बढ़ जाना, चक्कर आना। डेली रूटीन के काम ठीक से न कर पाना। दर्दनाक घटना से जुड़ी बातों के बारे में सोचने या बात करने से बचने की कोशिश करना। व्यवहार में चिड़चिड़ापन आना, डिप्रेशन होना। सोच और मनोदशा में नकारात्मक बदलाव आना, घटना के लिए खुद को जिम्मेवार ठहराना, आत्महत्या करने के विचार आना।

### रोग के प्रमुख कारण

- पहले घटी दुर्घटना से एंग्जाइटी या डिप्रेशन होने की हिस्ट्री रही हो।
- हिंसक माहौल में पलने या बचपन में यौन दुर्व्यवहार झेलने वाले बच्चे।
- शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न या बलात्कार या अपहरण का शिकार हुए लोग।
- करीबी व्यक्ति रिलेटिव की मौत का सदमा।
- परिवार, दोस्तों या रिलेटिव्स के सपोर्ट की कमी।
- एल्कोहल और दवाओं का अत्यधिक सेवन करना।
- दुखद घटनाओं जैसे- सड़क दुर्घटना, विमान दुर्घटना, हिंसक वारदात, सैन्य संघर्ष, आतंकवादी हमला, बाढ़, भूकंप, सुनामी आदि से पीड़ित या इसके साक्षी लोग।

### कब करें डॉक्टर को कंसल्ट

आमतौर पर ये लोग समय के साथ अपने आप ठीक हो जाते हैं। लेकिन अगर पीटीएसडी के लक्षण अधिक गंभीर होते जाएं और एक महीने से ज्यादा समय तक बने रहें, तो स्थिति गंभीर हो सकती है। मरीज को पीटीएसडी के लक्षण पता चलने पर जितना जल्दी हो सके, मनोचिकित्सक या क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक से कंसल्ट करना चाहिए। समुचित उपचार और देखभाल मिलने पर भी ऐसे मरीजों को दुखद घटनाओं की यादों से निकलने में 6 महीने से ज्यादा वक्त लग जाता है।



### उपचार का तरीका

पीटीएसडी मरीज का इलाज साइकोथेरेपी से किया जाता है। इसमें शामिल हैं-

**एक्सपोजर थेरेपीः** इसमें मरीज को घटना जानबूझकर याद कराई जाती है। डॉक्टर काउंसलिंग में साकारात्मक बातचीत करके उसका मनोबल बढ़ाते हैं और बुरे ख्यालों से छुटकारा दिलाते हैं। ताकि उसकी तकलीफ कम हो सके।

**कॉगनिटिव बिहेवियर थेरेपी (सीबीटी):** इसमें मरीज से बातचीत कर बिहेवियर को समझा जाता है।

**सपोर्टिव टॉक थेरेपीः** इसमें मरीज को जिस घटना से आघात पहुंचा है, उसके बारे में बात की जाती है। नकारात्मक विचार के कारण जानकर उसे दूर करने की कोशिश की जाती है।

**मेडिसिन भी हैं सहायकः** स्थिति के हिसाब से मरीज की एंग्जाइटी को नियंत्रित करने के लिए मूड स्टैब्लाइज़र और सेलेक्टिव सेरोटोनिन रीअपटेक इनहिबिटर (एसएसआरआई), एंटीसाइकोटिक्स, ट्राइसाइक्लिक एंटीड्रिप्रेसेंट जैसी मेडिसिन दी जाती हैं। मरीज को ब्लड प्रेशर और घबराहट को नियंत्रित करने और बुरे सपनों के लिए भी कुद मेडिसिन दी जाती हैं। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**



### इन बातों का रखें ध्यान

**पीटीएसडी पेशेंट** को अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तो के सपोर्ट, धैर्य और मदद की जरूरत होती है। ऐसे में जरूरी है कि वह अपने रिश्तेदारों, दोस्तो से मेलजोल बढ़ाए और यथासंभव उनके साथ समय बिताए। उनसे अपनी परेशानी शेयर करे ताकि उसका स्ट्रेस कम हो सके।

- नकारात्मक विचारों वाले लोगों से दूर रहें।
- रोजाना समय पर भोजन करें, जिसमें पोषक तत्वों से भरपूर बैलेंस डाइट लें।
- नियमित रूप से एक्सरसाइज, योगासन या मेडिटेशन करें। रिलैक्स होने के लिए मन-पसंद म्यूजिक सुनें।



अवेयरनेस

डॉ. रेश्मा टी. विश्नानी

डर्मेटोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

सफेद दाग रोग का न अब तक सटीक कारण ज्ञात हुआ है न इसका स्थायी उपचार उपलब्ध है। लेकिन सही ट्रीटमेंट के जरिए इस त्वचा रोग को कंट्रोल किया जा सकता है। कल ही वर्ल्ड विटिलिगो डे था, इस मौके पर इसके बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

## विटिलिगो संभव है इसका नियंत्रण



विटिलिगो को सफेद दाग या ल्यूकोडर्मा भी कहा जाता है। यह ऐसी बीमारी है, जिसमें त्वचा की रंगत चली जाती है, जिससे सफेद धब्बे बन जाते हैं। विटिलिगो को ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है, जिसका आशय है कि यह समस्या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा त्वचा की रंगद्रव्य कोशिकाओं (मेलेनोसाइट्स) पर हमला करने के कारण होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो विटिलिगो एक ऐसा रोग है, जिसमें त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। यह तब होता है, जब त्वचा में मेलेनिन नामक वर्णक बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। मेलेनिन त्वचा को रंग देता है, और जब यह कम हो जाता है, तो त्वचा पर सफेद धब्बे दिखाई पड़ने लगते हैं।

**क्या हैं कारणः** विटिलिगो के होने का प्रमुख कारण अज्ञात है, लेकिन इसे एक ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है। विटिलिगो के कारणों के बारे में शोध-अध्ययन जारी हैं। यह ऐसा त्वचा रोग है, जिसके अनेक कारण हो सकते हैं।

**आनुवंशिक कारकः** कुछ लोगों में विटिलिगो विकसित होने की संभावना अधिक होती है। खासकर यदि उनके परिवार में अतीत में किसी को विटिलिगो हो चुका है।

**तनावः** कुछ मामलों में अत्यधिक तनाव विटिलिगो को ट्रिगर कर सकता है या इसे और बदतर बना सकता है।

**पर्यावरणीय कारकः** अत्यधिक धूप में रहने से भी विटिलिगो की समस्या बढ़ सकती है या जो लोग पहले से ही इस समस्या से ग्रस्त हैं, उनकी स्थिति बदतर हो सकती है। सनबर्न जैसे पर्यावरणीय कारक भी विटिलिगो को ट्रिगर कर सकते हैं।

**अन्य बीमारियांः** थायरॉइड संबंधी समस्या, टाइप 1 मधुमेह और एडिसन रोग आदि भी विटिलिगो की समस्या बढ़ा सकते हैं या उत्पन्न कर सकते हैं।

**प्रमुख लक्षणः** इसके प्रमुख लक्षण यहां बताए जा रहे हैं। जब त्वचा पर यहां बताए जा रहे कुछ लक्षण या फिर त्वचा के किसी भाग पर रंगहीन पैच दिखाई दें, तब शीघ्र ही डर्मेटोलॉजिस्ट से परामर्श लें।

- त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे शरीर के किसी भी भाग पर हो सकते हैं।
- आमतौर पर चेहरे, गर्दन, हाथों और पैरों पर सफेद धब्बे अधिक दिखाई देते हैं।
- धब्बे आमतौर पर शरीर के दोनों तरफ दिखाई देते हैं।
- त्वचा का रंग पैच में बदल जाता है।

**रखें ध्यानः** विटिलिगो के बारे में कुछ बातों को समझना आवश्यक है।

- विटिलिगो सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर सकता है।
- यह रोग पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से प्रभावित करता है।
- विटिलिगो के कारण होने वाले सफेद धब्बे सूर्य की किरणों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इसलिए धूप से बचाव करना महत्वपूर्ण है।

**उपचार के तरीकेः** विटिलिगो का स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विधियों से इस त्वचा रोग को नियंत्रित किया जा सकता है, जिनसे त्वचा के रंग को वापस लाया जा सकता है। विटिलिगो के उपचार के विकल्पों में शामिल हैं-

**टॉपिकल उपचारः** विशेषज्ञ डॉक्टर आमतौर पर 'टॉपिकल कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स' या गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसेंट आदि से उपचार शुरू करते हैं। टॉपिकल कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स दवाएं सूजन कम करने और त्वचा के रंग को वापस लाने में मदद करती हैं। वहीं गैर-स्टेरॉयडल विकल्प लंबे समय तक उपयोग के लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि स्टेरॉयड्स की तुलना में उनके कम दुष्प्रभाव होते हैं, खासकर बच्चों के लिए या शरीर के संवेदनशील भागों के उपचार में।

**फोटोथेरेपीः** इस थेरेपी के अंतर्गत विशेष प्रकाश किरणों का उपयोग करके त्वचा के विकारों या खामियों को दूर किया जाता है।

**दवाएंः** अतीत में उपचार के विकल्प काफी कम थे, लेकिन अब ओरल कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स से लेकर नए गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसिव और इम्यूनोमॉडुलेटरी दवाओं की एक विस्तृत श्रंखला उपलब्ध है। दवा का चयन पूरी तरह से त्वचा रोग विशेषज्ञ पर निर्भर करता है। दवाओं को नियमित लेना जरूरी है। इन दवाओं का त्वचा रोग विशेषज्ञ के परामर्श से उपयोग किया जाए तो वे विटिलिगो के बढ़ने को काफी हद तक रोक सकती हैं।

**सर्जिकल विकल्पः** अनेक मामलों में सर्जरी का उपयोग किया जा सकता है, जहां अन्य उपचार असरदार नहीं होते। विटिलिगो के उपचार के लिए, त्वचा रोग विशेषज्ञ से परामर्श करना महत्वपूर्ण है,जो मरीज की स्थिति का मूल्यांकन कर उपयुक्त उपचार योजना बना सकता है। स्थिर विटिलिगो वाले मरीजों के लिए, पंच ग्राफ्टिंग, सक्शन ब्लिस्टर ग्राफ्टिंग और एडवांस्ड नॉन-कल्चर्ड मेलानोसाइट सस्पेंशन तकनीक सहित कई सर्जिकल उपचार उपलब्ध हैं।

गौरतलब है कि पंच ग्राफ्टिंग विटिलिगो के उपचार की एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें शरीर के स्वस्थ हिस्से से त्वचा के छोटे-छोटे टुकड़े लेकर विटिलिगो से प्रभावित क्षेत्र में प्रत्यारोपित किए जाते हैं। इस प्रक्रिया से त्वचा के रंग को बहाल करने और विटिलिगो के धब्बों को कम करने में मदद मिलती है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### दूर करें गलतफहमियां

**मिथः** एक गंभीर बीमारी है विटिलिगो।
**तथ्यः** विटिलिगो गंभीर बीमारी नहीं है, लेकिन यह व्यक्ति के शारीरिक सौंदर्य को प्रभावित कर सकती है।

**मिथः** विटिलिगो एक संक्रामक रोग है।
**तथ्यः** विटिलिगो संक्रामक नहीं है। इस कारण यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।

**मिथः** विटिलिगो कैंसर का कारण बनता है।
**तथ्यः** विटिलिगो का कैंसर से कोई संबंध नहीं है।

**मिथः** विटिलिगो केवल गोरी त्वचा वाले लोगों को होता है।
**तथ्यः** विटिलिगो किसी भी उम्र या किसी भी रंग की त्वचा वाले व्यक्ति को हो सकता है।

**मिथः** विटिलिगो का कोई इलाज नहीं है।
**तथ्यः** फिलहाल विटिलिगो का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विकल्प मौजूद हैं जो इस बीमारी के लक्षणों को प्रबंधित या नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।

**मिथः** मछली और दूध एक साथ खाने से विटिलिगो होता है।
**तथ्यः** यह गलत धारणा है। विटिलिगो एक ऑटोइम्यून बीमारी है और इसका खाद्य पदार्थों से कोई संबंध नहीं है।

## रोजाना इन चमत्कारी मुद्राएं करने से चांद की तरह चमकेगा चेहरा

अगर आप भी चाहती हैं कि आपका चेहरा हमेशा खिला-खिला और चमकदार दिखाई दे, तो यह कई मुश्किल काम नहीं है। लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी, प्रदूषण, अनहेल्दी खाना और तनाव की वजह से स्किन अपना नेचुरल ग्लो खोने लगता है। हालांकि स्किन को ग्लोइंग और चमकदार बनाने के लिए महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जिसका असर थोड़े समय के लिए दिखता है। लेकिन आप स्किन को अंदर से हेल्दी और चमकदार बनाने के लिए नेचुरल उपाय अपना सकते हैं। योग एक ऐसी आसान तकनीक है, जो न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को सही रखता है। बल्कि इससे आपकी स्किन को भी नई जान मिलती है। इन्हीं में से एक योग मुद्रा है। बता दें कि योग मुद्राएं हाथों की विशेष आकृतियां होती हैं, जिनको रोजाना करने से बॉडी में एनर्जी का फ्लो बैलेंस होता है और स्वास्थ्य को भी कई लाभ मिलते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 खास मुद्राओं के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करने से आपकी स्किन पहले से ज्यादा हेल्दी और ग्लोइंग बनती है।

### वरुण मुद्रा


वरण मुद्रा का संबंध जल तत्व से है। यह शरीर में जल तत्व को संतुलित करने का काम करती है, जोकि स्किन को नमी और हेल्थ के लिए बेहद जरूरी है।

#### ऐसे करें वरुण मुद्रा

- इस मुद्रा को करने के लिए रीढ़ की हड्डी सीधी रखें और कंधों को ढीला छोड़कर आराम से बैठ जाएं।
- अपने मन को शांत करें और गहरी सांस लें।
- अब दोनों हाथों को घुटनों पर रखें और हथेलियां ऊपर की ओर खुला रखें।
- हाथ की सबसे छोटी उंगली के सिरे को अंगूठे के सिरे से छुएं।
- वहीं बाकी की तीनों उंगलियां सीधी रखें।
- इस दौरान आंखें बंद कर लें और सांसों पर फोकस करें।
- कुछ देर इस मुद्रा में रहें, फिर सामान्य अवस्था में वापस आ जाएं।

#### फायदे

वरुण मुद्रा करने से शरीर में जल तत्व संतुलित बनी रहती है। इससे स्किन में नमी बनी रहती है और स्किन का रूखापन दूर होता है। यह आसान स्किन को अंदर से ग्लो देने और हाइड्रेशन के अलावा जवां बनाए रखने में भी सहायता करती है। यह आसन न सिर्फ स्किन को साफ रखती है, बल्कि बॉडी में पसीने के तौर पर टॉक्सिन्स निकालने में भी सहायता करती है, जिससे स्किन डिटॉक्स होती है। इस मुद्रा को रोजाना करने से स्किन संबंधी रोग जैसे सोरायसिस, एक्जिमा और ड्राइनेस में फायदा होता है।



### अपान मुद्रा

इस मुद्रा को 'ऊर्जा मुद्रा' या 'शक्ति मुद्रा' भी कहा जाता है। अपान मुद्रा शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालती है, जिससे स्किन नेचुरली चमकदार बनती है।

**ऐसे करें अपान मुद्रा** : अपान मुद्रा करने के लिए रीढ़ की हड्डी को सीधा और कंधों को ढीला छोड़कर आराम से बैठ जाएं। अब दोनों हाथों को घुटनों पर रखें और हथेलियों को ऊपर की ओर रखें। फिर अंगूठे के अगले हिस्स को बीच की उंगली और अनामिका उंगली के आगे के हिस्से से मिलाएं। वहीं इंडेक्स फिंगर और छोटी उंगली को सीधा रखें। अब आंखें बंद करके सामान्य रूप से सांस लें और कुछ देर इसी मुद्रा में बने रहें।

**फायदे** : अपान मुद्रा विशेष रूप से डाइजेशन पर काम करती है। इस आसन को करने से शरीर से गंदगी बाहर निकलती है और जब शरीर अंदर से साफ होता है। तो स्किन पर दाग-धब्बे, मुंहासे और अन्य समस्याएं कम होती है। यह आसन स्किन को साफ करने के साथ ही पूरे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाती है।

### मुकुल मुद्रा

बता दें कि मुकुल मुद्रा को 'बीक हैंड मुद्रा' या 'उपचार मुद्रा' भी कहा जाता है। यह मुद्रा शरीर के सभी पांच तत्वों को बैलेंस करने का काम करती है। यह आपकी स्किन को अंदर से ग्लो और हाइड्रेटेट रखता है। वहीं यह लंबे समय तक स्किन को जवां बनाए रखने में सहायता करती है।

**ऐसे करें मुकुल मुद्रा** : इस आसन को करने के लिए आसानदायक आसन में बैठ जाएं। अब दोनों हाथों की चारों उंगलियों के सिरों को अंगूठे के सिरे से मिलाएं। इससे एक कली जैसा आकार बन जाएगा। अब इस मुद्रा बने हाथ को शरीर के उस हिस्से पर रखना चाहिए, जहां पर उपचार की आवश्यकता हो। आप हल्के से इस मुद्रा को अपने माथे, गालों या आंखों के आसपास रख सकती हैं। आंख बंद करके गहरी सांस लें और फील करें कि इस स्थान पर ऊर्जा प्रवाह हो रही है। रोजाना इस मुद्रा को 5 मिनट के लिए करें।

**फायदे** : मुकुल मुद्रा का इस्तेमाल करने से तनाव कम होता है और मसल्स को भी आराम मिलता है। इससे स्किन जवां दिखती है। इस मुद्रा को करने से स्किन के दाग-धब्बों को हल्का करने और स्किन की रंगत को निखारने में सहायता करती है।

## खबर संक्षेप



### स्प्रिंग फील्ड स्कूल में लगवाया वाटर कूलर

**नारनौल।** रोटरी क्लब सिटी की ओर से विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं। हाल ही में लघु सचिवालय में दो व मां बगलामुखी मंदिर में एक, रोटरी रसोई पर एक, नई सब्जी मंडी में एक वाटर कूलर लगवाए गए। बुधवार को मोहल्ला रावका स्थित स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल में भी बच्चों की सुविधा के लिए एक वाटर कूलर स्थापित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजकुमार चौधरी ने रिबन काटकर वाटर कूलर का लोकार्पण किया। क्लब प्रधान विनोद चौधरी ने बताया कि एएनई इन्डस्ट्रीज के सौजन्य से क्लब को छह वाटर कूलर का सहयोग प्राप्त हुआ है। विद्यालय संचालक भीम पांडे व राकेश शर्मा ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया। मौके पर नवीन, प्रवीण, विजय , नरेश आदि मौजूद थे।

### राज्य कार्यकिरिणी की ऑनलाइन बैठक आयोजित

# बिजली उपभोक्ता मंच ने की बढ़ाई गई बिजली दरों को वापस लेने की मांग

- बिजली जनता की मूलभूत जरूरत है इस को घाटे या मुनाफा के तराजू से नहीं तोला जा सकता : बांगड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा संबंधित ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंज्यूमर एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक ऑनलाइन गूगल मीट पर संगठन के राज्य प्रधान इंद्रसिंह मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन राज्य सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने किया। बैठक में हरियाणा सरकार की ओर से बढ़ाई गई बिजली दरों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की।

राज्य सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि घाटे का बहाना बनाकर 2023 से फ्यूल सरचार्ज के नाम से 47 पैसा प्रति यूनिट उपभोक्ताओं से पहले से ही वसुल किए जा रहे हैं। एडवांस सिक्योरिटी के नाम से उपभोक्ताओं की अलग से जेब काटी जा रही है। अब और बिजली दरों में बढ़ोतरी करके पहले से ही मंहगाई की मार से जूझ रही जनता की कमर तोड़ने काम सरकार ने किया है। बिजली जनता की मूलभूत जरूरत है इस को घाटे या मुनाफा के तराजू से नहीं तोला जा सकता, लेकिन सरकार प्राइवेट कंपनियों के स्वार्थ में खरीद बेच की वस्तु में तब्दील करने पर पर आमादा है। घाटे का मुख्य कारण निजी कंपनियों से महंगे बिजली खरीद समझौते, मिस मैनेजमेंट व उच्च स्तरीय भ्रष्टाचार है। जिस का सारा बोझ जनता के उपर डालने काम सरकार कर रही है। डिजिटल मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला निजी कंपनियों के स्वार्थ में उठाया गया निहायत ही उपभोक्ता विरोधी कदम है।

#### कमेटियों का किया जाएगा गठन

इस अभियान के दौरान बिजली निजीकरण विरोधी कमेटियों का गठन भी किया जाएगा। बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा ने एचएयू छात्रों के आंदोलन का भी पुरजोर समर्थन करते हुए उन की मांगों का तुरंत समाधान करने की मांग की है। बैठक में झज्जर से जयकरण, रोहतक से रामनिवास, कैथल कुरुक्षेत्र से राजकुमार, रामस्वरूप, रेवाड़ी से रामकुमार, महेंद्रगढ़ से छाजूराम रावत, डॉ. व्रतपाल सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, भिवानी से रोहतास, महेंद्र सिंह, सुभाष, हिसार से डॉ. खुशीराम, सत्यनारायण, सोनीपत से सुरेंद्र सिंह छिकारा शामिल हुए।

#### चलाया जाएगा हस्ताक्षर अभियान

उन्होंने कहा कि इस से आम बिजली उपभोक्ता भारी परेशानी में फंस जाएंगे। सरकार की बिजली निजीकरण की नीतियों के चलते बिजली लगातार मंहगी होने से आम उपभोक्ताओं की पंहुच से बाहर हो जाएगी। बांगड़ ने बताया कि बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा बढ़ाई गई बिजली दरों, स्मार्ट मीटर व बिजली निजीकरण के विरोध में आंदोलन तेज करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। पहले चरण में एक पखवाड़ा लगातार हस्ताक्षर अभियान चलाने के बाद राज्यपाल के माध्यम से केंद्रीय बिजली मंत्री व हरियाणा बिजली मंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

# शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** प्रशिक्षण सत्र के दौरान अध्यापकों को जानकारी देते डॉ. वशिष्ठ।

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका प्रमुख विषय राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अंतर्गत कक्षा प्रबंधन रहा। इस कार्यशाला में सीबीएसई के प्रतिष्ठित प्रशिक्षक डॉ. राम मोहन वशिष्ठ ने मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

डॉ. वशिष्ठ ने अपने प्रेरणादायी सत्र में शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के मूल तत्वों की गहराई से जानकारी दी तथा यह बताया कि कक्षा प्रबंधन में कैसे व्यावहारिक नवाचारों द्वारा इन सिद्धांतों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक स्वयं जितने प्रेरित, सकारात्मक और आनंदित होंगे, वे उतनी ही प्रभावी रूप से छात्रों के समग्र विकास में योगदान दे सकेंगे।

कार्यशाला के समापन अवसर पर विद्यालय प्राचार्य बाबूलाल यादव ने डॉ. वशिष्ठ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार की ज्ञानवर्धक कार्यशालाएं आयोजित करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विंग प्रभारी प्रभारी राजेश्वरी तथा नरेश, राहुल, सतीश, तरुण, दीपिका, अमिता, स्नेहलाता, निशा ज्योति, सीमा तथा अन्य स्टाफ सदस्यगण उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति पर व्याख्यान आयोजित

**सतनाली मंडी।** राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि नशा पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है, इसलिए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से नशे को छोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से भी नशा मुक्ति अभियान एवं नशा मुक्ति केंद्र खोलकर नशा छोड़ने को प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर पन्नालाल, विकास, ईश्वर, जैकी, हनुमान, राजेश, ममता, ज्योति, सुमित, नरेंद्र सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



**सतनाली मंडी।** कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य अनिल कुमार।

# छात्रों में खेल भावना और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने की पहल



**नारनौल।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी में दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल युवाओं में छिपी खेल प्रतिभा को उभारना था, बल्कि खेलों के माध्यम से उनके समग्र विकास को भी प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता की विजेता टीम मुरादपुर और उपविजेता टीम चिड़ावा (जिला झुंझुनूं, राजस्थान) रही। बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब साहिल सैनी को मिला, जबकि बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार कियान को प्रदान किया गया। सिंघानिया विश्वविद्यालय हमेशा से शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी बराबर महत्व देता आया है और आगे भी इस तरह के आयोजन के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करता रहेगा। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और विजयी टीमों को विशेष सम्मान से नवाजा गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में ऐसे और भी खेल आयोजनों की योजना बनाई जा रही है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रो. वाइस चांसलर डॉ. पवन कुमार त्रिपाठी, रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान हाशमी, डीन एवं शोध विभाग से डॉ. सुमेर सिंह, डीन एवं एचएमसीटी निदेशक प्रो. डॉ. आलोक कुमार, प्रो. (डॉ.) बजरंग लाल, पीआरओ डॉ. मोनिका, शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग प्रमुख डॉ. दिनेश सिंह यादव, प्रशासन निदेशक बिजेंद्र शर्मा, प्राचार्य डॉ. विजय सिंह, महेंद्र सिंह बिजारणीयां, लक्ष्य गर्शा, जनरैल सिंह, जगवीर सिंह, लीलाधर, सत्यपाल, होशियार सिंह आदि उपस्थित रहे।



**मंडी अटेली।** राष्ट्रीय अभियान के तहत विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए।

## राजकीय कॉलेज अटेली में दिलाई नशा न करने की शपथ

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को को नशा मुक्त समाज बनाने के राष्ट्रीय अभियान के तहत विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश सैनी ने बताया कि नशे के प्रति जागरूक करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो देश भर में अभियान चला रहा है। सभी को इसमें सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने छात्रों से नशामुक्त समाज बनाने में योगदान देने की अपील की। रेडक्रॉस प्रभारी अनिल कालिया ने बताया कि नशा जीवन को तबाह व बर्बाद कर देता है। सिर्फ नशा करने वाला शख्स ही नहीं, बल्कि उसके परिजन भी बुरे दौर से गुजरते हैं। नशा जिंदगी के साथ ही भविष्य को भी समाप्त कर देता है। नशे की रोकथाम व इससे बचाव के लिए खेलकूद की गतिविधियों को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। मुख्य रूप से युवा वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। जिसके कारण वे मुख्य धारा से हटकर गलत संगत में पड़ अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं। युवा वर्ग को जागरूकता करने की आवश्यकता है। सभी विद्यार्थी व आमजन पोर्टल पर जाकर ई शपथ लें सकते हैं। जिसका उद्धेश्य भारत को 2047 तक नशा मुक्त बनाना है।

# चांदुवाड़ा में किया सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात मोहल्ला चांदुवाड़ा जवाहरलाल सोनी के निवास स्थान पर सुंदरकांड पाठ किया गया। सर्वप्रथम आचार्य अश्वनी शर्मा ने पूजा अर्चना करवा हनुमान चालीसा, गणेश वंदना, रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। जिसकी अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। राजेश सोनी ने रंग बिरंगे फूलों से बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया।

इस अवसर पर रामानंद शर्मा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश सोनी, गौरीशंकर शर्मा, तरुण सोनी, नवीन जैन, विजय हल्दिया, संजय शर्मा, रामेश्वर शर्मा, शिवशंकर अग्रवाल, सीताराम सर्राफ, नवीन बंसल ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया। मंडल के प्रमुख सदस्य प्रवेश अग्रवाल ने मुख्य यजमान को बालाजी महाराज की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद भजनों का दौर शुरू हुआ। जिसमें मास्टर गौतम ने तेरे एहसान को बालाजी चुकाया नहीं जा सकता, महावीर प्रसाद अग्रवाल ने आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में, गौरीशंकर शर्मा ने मेरे बालाजी महाराज जयकारा गूंजे गली गली, तरुण सोनी ने तेरे पूजन को भगवान बना मन मंदिर आलीशान, सुदेश शर्मा ने प्रभु कैसा खेल रचाया है समझ नहीं आया है।



**नारनौल।** यजमान को स्मृति चिहन भेंट करते मंडल सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आचार्य दीपक कौशिक महाराज, जस्सू सोनी, विशन सोनी, मोहित सोनी, त्रिलोकचंद शर्मा, निहालचंद गर्ग, प्रवेश अग्रवाल, मोहित सोनी, अशोक सिंघल, चिंटू गुप्ता, लीलू नंबरदार, सुरेंद्र गर्ग, ओमप्रकाश सोनी, गोविंद नंबरदार, धर्मा सैनी, सुरेंद्र गर्ग, डॉ. ओमप्रकाश सैनी, मन्नू बांसल, राकेश गुप्ता, नवीन भालोठिया, संजय चौहान, दीपक सिंघल, सीता देवी, हेमलता सोनी, पूनम देवी, रुक्मणी देवी, रितु सोनी, खुशबू सोनी, पूर्वी सोनी, दिव्यांश सोनी, अनिल नंबरदार आदि मौजूद रहे।




**मंडी अटेली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुजापुर में प्रवेश के लिए अपने आवेदन करते हुए।

### आईटीआई सुजापुर में दाखिले के लिए करें आवेदन

**मंडी अटेली।** जिले की विभिन्न आईटीआई में आगामी सत्र में दाखिले के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया छह जून से शुरू हो चुकी हैं। जिसमें दाखिले के लिए आवेदन कल 27 जून तक विभाग के एडमिशन पोर्टल पर दिए गए लिंक पर आवेदन कर सकते है। अटेली क्षेत्र के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुजापुर के प्राचार्य महाबीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में विभिन्न कंपनियों में सबसे अधिक आईटीआई के विद्यार्थियों की मांग रहती हैं। ऐसे में कुशल कारीगरों की बहुत अधिक मांग को देखते हुए इच्छुक विद्यार्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुजापुर में वर्तमान में चल रहे कंप्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, सेविंग टेक्नोलॉजी, वेल्डर, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, सोलर टेक्निशियन इलेक्ट्रिकल, हेल्थ सेनेटरी इन्स्पेक्टर, स्टेनो हिन्दी, मशीनिस्ट व्यवसायों में दाखिला लेकर अपने कौशल का विकास कर सकते हैं।

## गणेशी लाल महिला महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**महेंद्रगढ़।** हाल ही में इंदिरा गांधी मीरपुर विश्वविद्यालय की ओर से घोषित बीएससी व बीकॉम छठे सेमेस्टर के गणेशी लाल महिला महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। बीएससी मेडिकल में गांव लुखी निवासी सुजाता पुत्री जगत सिंह ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम, छात्रा खुशी पुत्री सुनील कुमार निवासी नया गांव ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, छात्रा हसीना पुत्री प्रेम कुमार ने निवासी झोलरी ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा बीएससी नॉन मेडिकल में छात्रा विधि पुत्री जगदीश निवासी बाहला ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, छात्रा प्रिया निवासी ककराला ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं बीकॉम छठे सेमेस्टर का परिणाम भी शानदार रहा। छात्रा खुशी पुत्री विजयपाल निवासी मोहनपुर व सरिता पुत्री मनोज कुमार निवासी करीरा ने 72.5 अंक प्राप्त किए हैं। अन्य छात्राओं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। संस्था अध्यक्ष राजेंद्र सिंह लोढ़ा ने बताया कि यह परिणाम छात्र और अध्यापकों के निरंतर प्रयास से ही संभव हुआ है।



खुशी



निधि



खुशी



सुजाता

# सर्व अजा संघर्ष समिति खंड नारनौल के प्रधान बने सुरेश नारनौलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति अपनी व्यापक रणनीति के तहत जिले के प्रत्येक खण्ड की कार्यकारिणी का कार्य प्रगतिशील रहा है, जो कि दलितों के हक, अधिकार और सामाजिक न्याय की लड़ाई में अग्रणी रहे हैं। इसी क्रम में सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में गुरु रविदास मंदिर में नारनौल के त्रिवार्षिक खंड स्तरीय चुनाव करवाने के संबंध में समिति के प्रमुख सलाहकार व धानक समाज के शिवनारायण मोरवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन करते हुए समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्थाए दिल्ली के वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल ने सभा में गत बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई, जिसका सर्व सहमति से अनुमोदन कर दिया गया।

चुनाव अधिकारी एडवोकेट गजानंद दोचानिया व प्रदेश लेखा सचिव रामकुमार ढैणवाल की अगुवाई में खण्ड नारनौल के विभिन्न पदों का आम सहमति से निर्विरोध चयन कर दिया गया। जिसमें प्रमुख सलाहकार पतराम खिंची व गुगनराम सिरोहा, प्रधान सुरेश कुमार नारनौलिया, उप प्रधान रामचंद्र गोठवाल, सचिव हरिराम सिरोहा व कोषाध्यक्ष अमरनाथ सिरोहा को निर्वाचित किया गया।



**नारनौल।** नवनिर्वाचित पदाधिकारी व शपथ दिलाते पूर्व तहसीलदार लालाराम नाहर।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अजा महासभा के प्रधान अनिल फाण्डन, अंबेडकर सभा के प्रधान जसवंत भाटी, उपाध्यक्ष एवं वाल्मीकि सभा के राजेश चांवरिया, धानक समाज के प्रधान एवं पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल चवन, खण्ड प्रधान रोहतास बबेरवाल नांगल चौधरी, उपप्रधान बाबूलाल नारनौलिया, सहसचिव सुमेर सिंह गोठवाल, कानूनी सलाहकार भीमसिंह दहिया, कोली सभा के प्रधान तोताराम, हजारीलाल खटावला, पूर्व प्रधान हरिसिंह बड़कोदिया, बलबीर हुडीना, पूर्व चीफ मैनेजर विजय सिरोहा व सुरेंद्र सिहमा आदि अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### श्री आदर्श रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

# सुरेंद्र बंटी 10वीं बार चुने गए श्री आदर्श रामलीला कमेटी के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर की सब्जी मंडी के नजदीक स्थित श्री आदर्श रामलीला में मंगलवार शाम को श्री आदर्श रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रामलीला सचिव मनोहर लाल यादव ने की। कमेटी प्रधान सुरेंद्र बंटी ने बताया कि बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव पास किए गए। बैठक में संस्था के कोषाध्यक्ष जुगल राजस्थानी द्वारा वर्ष 2024-25 का रामलीला का लेखा-जोखा पेश किया। संस्था के सभी आय व खर्चे के बिल व सभी चंदा कॉपी मीटिंग में रखी, जिसे सभी सदस्यों ने अच्छी तरह चेक किया, जिस भी सदस्य ने जो भी प्रश्न लेखा-जोखा, खर्चे ओर अन्य संस्था में किए गए कार्यों के बारे में जो भी प्रश्न पूछे उसके जवाब प्रधान व कोषाध्यक्ष ने संतुष्टि पूर्वक दिया व उन्हे उस खर्चे के बारे में समझाया। इस वर्ष का लेखा-जोखा की ऑडिटिंग सीए राहुल से करवाई गई। इस प्रकार सर्व सहमति वर्ष 2024-25 का लेखा-जोखा पास किया।

वही संस्था प्रधान सुरेंद्र बंटी ने कहा कि अगर कोई भी किसी कारण वश मीटिंग में नहीं आ सका वह कभी भी रामलीला के लेखा-जोखा का रिकॉर्ड देख सकता है। इसके बाद प्रधान सुरेंद्र बंटी ने अपनी समस्त कार्यकारिणी के साथ इस्तीफा दिया व नई कार्यकारिणी के गठन के लिए मनोहरलाल को अध्यक्ष चुना गया और प्रधान पद के लिए चुनाव किए गए, जिसमें सुरेंद्र बंटी को उनके पिछले 18 वर्षों के कार्य, रामलीला व समाज के प्रति श्रद्धा और विश्वास, ओर सभी कार्यकर्ताओं की एकता देखते हुए सर्व सम्मति से एक बार फिर लगातार 10वीं बार सुरेंद्र बंटी को प्रधान चुना गया। उसके बाद सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से सचिव मनोहरलाल यादव व कोषाध्यक्ष जुगल किशोर गुप्ता राजस्थानी को चुना गया। कमेटी सदस्य जोगेंद्र सेठ व गोविंद सैनी ने बताया कि श्री आदर्श रामलीला वर्ष 1971 से लगातार खेली जा रही है व लगातार पिछले 18 वर्षो से प्रधान सुरेंद्र बंटी के मार्गदर्शन में सफल रामलीला खेली जा रही हैं। आज संस्था के पास बहुत बड़ा बेसमेंट, भव्य मंच, दो हाल व इसके अतिरिक्त नए बने हुए चार कमरे हैं। रामलीला ग्राउंड पूरी तरह से पक्का हैं। इस संस्था में समय-समय पर अनेक धार्मिक, राजनीतिक व विवाह के साथ-साथ अन्य सामाजिक कार्य होते रहते हैं। इस संस्था की फीस निःशुल्क हैं। फीस के नाम पर तीन दिन के लिए बिजली, पानी के मात्र 500 रुपये है।



**महेंद्रगढ़।** बैठक में उपस्थित रामलीला के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मीटिंग में प्रधान सुरेंद्र बंटी, प्रोफेसर हरिसिंह यादव, जोगेंद्र सेठ, लक्ष्मी नारायण सैनी, सुरेश शर्मा, सुरेश गोस्वामी, एडवोकेट ललित तंवर, राहुल यादव, रवि यादव, करम खन्ना, शुभम तिवाड़ी, राजेंद्र शर्मा, अशोक बुचावासिया, नवीन कुमार, प्रकाश सैनी, मोई गुर्जर, श्याम सुंदर, गोविंद सैनी, हरीशंकर कौशिक, दीपू सेठ, प्रेम सैनी, सोमवीर लखेरा, मनीष प्रजापत, विजय प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

# गांवों में चलाया गया सघन स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को गति प्रदान करते हुए महेंद्रगढ़ जिले में सघन स्वच्छता अभियान जोरों पर है। इसी कड़ी में बुधवार को जिले के गांव बीगोपुर, हसनपुर, कोथल कलां, बिहारीपुर, सुरेहती पिलानिया, नूनी कलां, छितरौली व हमीदपुर में ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान प्रतिदिन सुबह नौ बजे से 11 बजे तक प्रत्येक खंड के एक गांव में चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

कुमार ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता हम सबके जीवन में एक अहम भूमिका निभाती है। इससे न केवल बीमारियां दूर रहती हैं, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च होने वाला हमारा बजट भी संतुलित रहता है। उन्होंने जोर दिया कि स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की नींव है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के दिशानिर्देश में यह अभियान स्वच्छता को लेकर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के विजन के अनुरूप महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला महेंद्रगढ़ में यह अभियान अगले कई हफ्तों तक लगातार जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य जिले को स्वच्छ व स्वस्थ बनाना है। प्रशासन का मानना है कि जनभागीदारी से ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।



**नारनौल।** गांव हसनपुर में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करती महिलाएं।

## खबर संक्षेप

### हकेंवि के अधिकारी लेंगे शूटिंग प्रतियोगिता में भाग



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के अनुभाग अधिकारी राजेश जांगड़ा आगामी एक जुलाई से डाक्टर करणी सिंह रेंज, तुगलकाबाद नई दिल्ली में शुरू होने वाली 10वीं हरियाणा शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार, समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार व विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ. संदीप ढुल ने राजेश जांगड़ा को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

### खेड़ी में सम्मान समारोह 28 को आयोजित होगा

**मंडी अटेली।** यूपी के चित्रकूट मंडल के कमिश्नर व खेड़ी निवासी आईएएस अजीत यादव के पिता रिटायर्ड बीडीपीओ रामपत यादव का हार्ट फेल होने से 16 जून को निधन हो गया। जिसको लेकर उनके गांव 28 जुन को उनके गांव खेड़ी में आत्मिक शांति के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।



### गौड़ ब्राह्मण सभा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सतनाली मंडी।** कस्बे में श्री गौड़ ब्राह्मण सभा इलाका सतनाली की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की मेधावी प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। समारोह में पूर्व जिला परिषद प्रमुख सुरेंद्र कौशिक मुख्य अतिथि रहे और अध्यक्षता सभा के प्रधान कै. अशोक गौत्तम ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह बच्चों के हौंसला आफजाई में मील का पत्थर साबित होता है।

# 13 साल बाद अब 18.50 लाख की लागत से होगा मस्जिद वाले मार्ग का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



## राहगीरों व वाहन चालकों को उठानी पड़ती हैं परेशानी

शहर के मोहल्ला खटीकान के मस्जिद वाले मार्ग के दिन बहुरने वाले हैं। नगर पालिका की ओर से 18.50 लाख रुपये की लागत से इस जर्जर मार्ग का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इसके लिए 12 जून को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है। नगर पालिका की ओर से जुलाई तक सभी प्रक्रिया पूरी करके निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। यह मार्ग तारकोल का बनाया जाएगा। जनवरी में इस मार्ग के लिए नगर पालिका की ओर से टेंडर लगाया गया था। इस मार्ग के बनने से आमजन को काफी राहत मिलेगी। इस मार्ग के निर्माण से पहले सड़क के दोनों तरफ पक्के अतिक्रमण व कबाड़ को हटाया जाएगा, ताकि यह मार्ग चौड़ा बनाया जा सके। बता दें कि शहर के मोहल्ला खटीकान के मस्जिद वाले मार्ग की करीब 350 मीटर सड़क मार्ग पिछले 13 वर्षों से बदहाल अवस्था में पड़ा है। इसके अलावा सीवरेज व्यवस्था भी खराब हैं। आए दिन मार्ग पर सीवरेज ओवरफ्लो होकर गंदा पानी रोड पर बहता रहता हैं। जिसके चलते आसपास रहने वाले दुकानदार व मोहल्लावासी काफी दिनों से परेशान हैं। यह मार्ग 350 मीटर लंबा व करीब 30 मीटर चौड़ा है। 11 हट्टा बाजार से स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है। इस मार्ग से दो से ढाई हजार वाहनों का आवागमन रहता है। आसपास के गांवों के ग्रामीण भी इसी रास्ते से सब्जी व अन्य सामान लेने के लिए आते हैं। रोड टूटे होने के कारण वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पिछले वर्ष इस मार्ग को लेकर टेंडर लगाए गए थे, लेकिन किसी कारणवश काम शुरू नहीं हो पाया। यह मार्ग करीब 2008 में बनाया गया था। रोड बनने के दो साल बाद ही रोड टूटने लगा था, तब से 11 हट्टा बाजार से मोहल्ला वाल्मीकि तक पूरा रोड टूटा हुआ है। कई स्थानों पर रोड दिखाई नहीं देता। इसके अलावा जर्जर रोड से निकली रोड़िया छुटकर आसपास रहने वाले लोगों को घायल कर रही हैं। वहीं इस रोड पर कबाड़ की कई दुकान होने के चलते कील, तार भी रोड पर पड़ी रहती हैं, जो परेशान करती हैं।

### मार्ग पर है कई दुकानें

इस मार्ग पर दो मंदिर, एक अस्पताल, स्कूल, मस्जिद, मासाखोरों की दुकान, कबाड़ की दुकानें, पटवार घर स्थित है। लोग लघु सचिवालय जाने के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा लोग सब्जी मंडी व शहर का प्रमुख 11 हट्टा बाजार जाने के लिए इसी रोड से होकर गुजरते हैं। स्कूली विद्यार्थी व कॉलेज की छात्राएं महाविद्यालय में इसी रास्ते से जाते हैं। यह छोटा व आसान रास्ता भी है। आसपास के ग्रामीण पटवारी के पास भी इसी रास्ते से आते है। पिछले 13 वर्षों से यह रोड टूटा हुआ है। लोग प्रशासन से इस रोड का जल्द निर्माण करने की मांग उठा रहें थे, अब नगर पालिका ने इस मार्ग की सुध ली हैं।

### वर्क ऑर्डर जारी

*नगर पालिका की ओर से 18.50 लाख रुपये में मोहल्ला खटीकान के मार्ग का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इसके लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है। जुलाई में सभी प्रक्रिया पूरी करके निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। निर्माण कार्य से पूर्व मार्ग के दोनों तरफ पक्के अतिक्रमण व कबाड़ को हटाकर मार्ग को चौड़ा किया जाएगा। यह मार्ग तारकोल का बनाया जाएगा।*

*रमेश सैनी, चेरयमैन, नगर पालिका, महेंद्रगढ़।*

## भाजपाइयों ने लोकतंत्र का काला अध्याय संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया

# भाजपाइयों ने मनाया लोकतंत्र का काला दिवस लोकतंत्र सैनानियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारतीय जनता पार्टी की ओर से आरपीएस स्कूल में बुधवार का दिन लोकतंत्र के काला दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में आपातकाल की यातना सहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं लोकतंत्र सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील ग्रोवर थे। इस मौके पर सीएम के पूर्व ओएसडी अभिमन्यु राव, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा व पूर्व विधायक सीताराम यादव भी मौजूद रहे। जिला भाजपा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के संयोजक मनीष मित्तल रहे। मंच संचालन वासुदेव यादव ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आपातकाल के प्रत्यदर्शी रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता व लोकतंत्र सेनानी सुनील ग्रोवर ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस की देन है व इतिहास में काला दिवस रहा। उन्होंने कहा कि इसमें



नारनौल। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

लोकतंत्र सैनानियों को जेल जाना पड़ा व उनके परिवार वालो को भी यातनाएं सहनी पड़ी। उन्होंने कहा कि आने वाली भविष्य की पीढ़ी को हिन्दुस्तान के लोकतंत्र की आजादी की इस दूसरी लड़ाई का पता चल सके, इसलिए यह कार्यक्रम आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी सजग रहे, ताकि भविष्य में फिर कभी इस मानसिकता से देश के लोकतंत्र का खिलवाड़ न हो। सुनील ग्रोवर ने आपातकाल के दौरान जेल में सही यातानाओं व अपने साथ बीती घटनाओं के बारे में भी लोगों को विस्तार से बताया। अभिमन्यु राव ने कहा कि 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने अपातकाल घोषित किया था। उन्होंने कहा कि उस समय संपूर्ण विरोधी दल के लोगों को जेल में बंद करना शुरू कर दिया और देश सकते में आ गया। संकटकाल डेढ़ वर्ष तक चला और जनता पार्टी के बाद ही 1977 में यह संकटकाल खत्म हुआ। आपातकाल के दौरान यातनाएं सहने वाले लोकतंत्र के सेनानी डॉ. प्रभु दयाल, स्वामी हसानंद, सुभाष चंद्र डागर व सुंदरलाल सोनी ने बताया कि आपातकाल में उनके अनेक मित्र जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिए गए थे। उन्होंने बताया कि उस समय बगैर किसी अपराध लोगों को जेल में डाल कर उनका करियर व जिन्दगी तक को तबाह कर दिया। अंत में जिन लोकतंत्र सेनानियों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए जेल का कठोर कारावास सहन किया उन लोकतंत्र सेनानियों को भाजपा जिला महेंद्रगढ़ की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समापन के बाद मुख्य वक्ताओं ने पौधारोपण व प्रदर्शनी का आयोजन किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में डॉ. राकेश जिला प्रमुख, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, आरपीएस स्कूल सीईओ मनीष यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष सरला यादव, सपना गुप्ता, कृष्ण आर्य, सरोज कश्यप, कप्तान राजेंद्र लांबा, बाबूलाल मुंडियाखेड़ा, मनीष संघी, सुरेश शर्मा, माडुराम सैनी, कंवर सिंह, नरेंद्र झिमरिया, महेंद्र गौड़, रमेश तंवर, नरेंद्र यादव, कर्मवीर खिंची, सुशील चौटाला, पवन देव, पूर्णचंद गोठड़ी, मंजीत यादव, शिवरतन आदि मौजूद रहे।

### 30 को होगी शिक्षकों व प्राचार्यों की नियुक्ति परीक्षा

**नारनौल।** निदेशालय स्कूल शिक्षा हरियाणा की ओर से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति एवं पीएम श्री स्कूलों में नियुक्ति के लिए शिक्षकों व प्राचार्यों के चयन के लिए लिखित परीक्षा-2025 का आयोजन 30 जून को होगा। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) 27 जून से लाईव होंगे। इस संबंध में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार ने बताया कि लिखित परीक्षा का आयोजन 30 जून को दोपहर दो बजे से सायं 3:30 बजे तक प्र शा स नि क मण्डल स्तर पर करवाया जाएगा। परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक से अपनी इम्पलाइ आईडी और मोबाइल नंबर दर्ज कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र पर दर्शाएं गए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढ़कर व समझकर उनकी अनुपालना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आगे बताया कि ऐसे नेत्रहीन/दृष्टिबाधित/अशक्त अभ्यर्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं।

- **30 को दो बजे से सायं 3 :30 बजे तक प्रशासनिक मण्डल स्तर पर करवाया जाएगा**

# बाबा खेमचंद दास मंदिर समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बाबा खेमचंद दास जोहड़यिा मंदिर समिति मालड़ा के पदाधिकारियों की आम बैठक बुधवार को सभा कार्यालय पर हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान धर्मपाल यादव ने की। बैठक में मंदिर परिसर, खेल मैदान की साफ-सफाई, अधूरा पड़ा शौचालय निर्माण कार्य को पूरा करवाने, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान चलाने तथा वार्षिक मेले की तैयारियों बारे विचार-विमर्श किया गया। समिति के सचिव राधेश्याम ने बताया कि बाबा खेमचंद दास जोहड़यिा मंदिर समिति के त्रिःवार्षिक पुर्नगठन के बाद पहली बैठक बुधवार को मंदिर प्रांगण में हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने मंदिर के पास बने खेल मैदान और आसपास क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने, बरसात के मौसम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण करने, मंदिर में अधूरे पड़े शौचालय निर्माण कार्य को पूरा करवाने, पिछली कार्यकारिणी के लेखा-जोखा का आडिट करवाने और 31 अगस्त की रात्रि को जागरण तथा एक सितंबर को बाबा खेमचंद दास जोहड़यिा के वार्षिक मेले आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया। लगभग दो घंटे चली इस बैठक में उपस्थित समाजसेवी संपतराम, बाबा सदाराम मंदिर कमेटी कोषाध्यक्ष सुमेर सिंह, समिति के पूर्व प्रधान अभय सिंह यादव, ओमप्रकाश नंबरदार, सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष राज मास्टर आदि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# राज्य में नशे को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार कृत संकल्पित : कंवर सिंह यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राज्य में नशा को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। विगत माह भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार चलाई गई साइक्लोथॉन यात्रा का उद्देश्य भी लोगों को इस सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक करना था। यह बात महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने बुधवार को अंतर राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर कोचिंग संस्थान में युवाओं को संबोधित करते हुए कही। विधायक कंवर सिंह यादव ने विद्यार्थियों, अध्यापकों व अन्य स्टाफ को नशे के खिलाफ किया जागरूक करते हुए युवाओं को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर हरियाणा एनसीबी की रेवाड़ी युनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर नीरज भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक कुरीति है तथा हम सभी को मिलकर इसे खत्म करना है। राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार व नारकोटिक्स विभाग दृढ़ संकल्पित और निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि नशा सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद कर देता है। इसकी लत व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है। हरियाणा सरकार व हरियाणा एनसीबी की ओर से चलाई जा रही साइक्लोथॉन मुहिम, नमक लोटा अभियान, नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन, बेकैट चलेंज और अन्य पहलें नशे के खिलाफ एक सशक्त संदेश देती हैं और समाज के सभी वर्गों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करती हैं।



महेंद्रगढ़। अंतर राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विधायक कंवर सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

# आर्य समाज ने डॉ. कृष्णा आर्या को आर्य महिला गौरव सम्मान से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आर्य वीर दल एवं आर्य समाज बहरोड़ के सौजन्य से डीएवी स्कूल बहरोड़ में आयोजित राष्ट्रीय युवा चरित्र निर्माण शिविर के समापन अवसर पर आर्योपदेशिका डॉ. कृष्णा आर्या को सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, स्त्री सशक्तिकरण व नैतिक चरित्र निर्माण गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. कृष्णा आर्या ने शिविर में उपस्थित जन समूह को नशामुक्ति व योग के बारे में सन्देश दिया और समस्त युवा प्रशिक्षणार्थियों को किसी भी प्रकार का नशा न करने व नशे से दूर रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास व शुद्ध खानपान और ब्रह्मचार्य का पालन देश के युवाओं की दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। नशे से दूर रहकर युवा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदारी कर सकते हैं। पिछले 30 साल से आर्य समाज की सशक्त प्रवक्ता के रूप में निरंतर सामाजिक सेवारत रहने वाली डॉ. कृष्णा आर्या को पटका, सत्यार्थ प्रकाश व प्रशंसा पत्र प्रदान करने वालों में संस्था के प्रधान रामानंद आर्य, स्वामी हंसानंद सरस्वती, रामकिशन शास्त्री, नीलम राठी, जगमलसिंह डीपी, राजेंद्र गौतम प्राचार्य, स्वामी रामदेव, आर्य समाज बहरोड़ के समस्त पदाधिकारी व आसपास की आर्य समाजों के प्रतिनिधि शामिल थे।



# साइबर ठगों को खाता उपलब्ध करवाने का आरोपित पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

साइबर जालसाजों पर लगातार प्रहार करते हुए साइबर थाना की टीम ने साइबर ठगों खाता उपलब्ध करवाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना की पुलिस टीम ने अटेली के रहने वाले सुरेन्द्र को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने अपने खाते भी साइबर जालसाजों को दिया हुआ था। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस ने मई माह में खाताधारक को गिरफ्तार किया था। जिसका खाता साइबर ठगी की वारदातों में प्रयोग हो रहा था। साइबर थाना की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि देवेन्द्र वासी ढाणी हरसुख जिला महेन्द्रगढ़ साइबर ठगी गिरोह के लिए काम करता है। जिसके द्वारा एसबीआई बैंक अटेली मन्डी में खुलवाए गए बैंक खाता में ठगी की काफी धनराशि आई है। जिस पर टीम ने एसबीआई बैंक अटेली मन्डी से खाते की जानकारी ली।



# यदुवंशी कॉलेज का परीक्षा परिणाम सराहनीय

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्गी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



रचना



अंजली



खुशबू

यदुवंशी डिग्री कॉलेज के बीटेक तृतीय वर्ष के छठे सेमेस्टर में रचना पुत्री अनिल कुमार ने 76.88, अंजली पुत्री शमशेर ने 76.25, खुशबू पुत्री नवजीत ने 74.38 अंक प्राप्त करके सराहनीय परिणाम हासिल किया है। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी से अब तक विभिन्न संकायों के परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं। जिनमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ अंकों के साथ परीक्षा परिणाम में विश्वविद्यालय स्तर पर टॉप टेन में स्थान बनाकर सराहनीय प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि अगले सत्र में लाइफ लाइन के लिए विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की ओर से सेमिनार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

**अभियान** | अंतर राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस आज

# नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज नारनौल

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जिले के सभी नागरिकों से 26 जून को अंतर राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर जीवन भर किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ लेने का आह्वान किया है। उन्होंने इस दिन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और एक नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। डॉ. भारती ने बताया कि हरियाणा सरकार नशा मुक्ति के लिए लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विगत महीने राज्य स्तर पर आयोजित साइक्लोथॉन का उद्देश्य भी लोगों को इस सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक करना था। यदि आपको जिला में नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी है, तो आप पुलिस हेल्पलाइन 112 पर दे सकते हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। इसके अलावा 1933 भी संपर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार एक प्राइवेट नशा मुक्ति केंद्र भी सरकार की देखरेख में सिंघाना रोड पर अगले माह से शुरू हो जाएगा। अगर किसी के परिवार में कोई नागरिक नशे का आदी हो चुका है, तो उसे इन केंद्रों पर दाखिल कर उनका इलाज करवा सकते हैं।



### नशे फैलाने वालों की करें तुरंत शिकायत

उपायुक्त ने कहा कि 26 जून को हमारे पास एक और महत्वपूर्ण अवसर है, जब हम सब मिलकर यह शपथ लेंगे कि भविष्य में कभी भी किसी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें नशे के अवैध कार्यों में लिप्त किसी व्यक्ति की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत जिला प्रशासन को सूचित करें, ताकि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकार और समाज को मिलकर इस बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। किसी भी उन्नत समाज के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि उसमें नशे जैसी प्रवृत्ति न फैले।

### सरकार की देखरेख में यहां चल रहे हैं नशा मुक्ति केंद्र

जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि नशा मुक्त अभियान के तहत जिला महेंद्रगढ़ में फिलहाल एक नशा मुक्ति केंद्र नागरिक अस्पताल में चल रहा है। दूसरा नशा मुक्ति केंद्र बाल भवन की ओर से निजामपुर रोड पर अगले महीने से शुरू हो जाएगा।